सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 321 | इंदौर, सोमवार 08 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भोजशाला के गर्भगृह में स्थापित हुई मां वाग्देवी की अष्टधातु प्रतिमा

● फूल-अक्षत चढ़े मिले, सूचना मिलते ही ASI ने हटाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के धार की ऐतिहासिक भोजशाला इस समय देश की सबसे संवेदनशील जगहों में से एक है। हाईकोर्ट के हालिया फैसले और मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाओं के बाद यहां सुरक्षा की कई परतें तैनात हैं। इसके बावजूद शनिवार को जो हुआ, उसने पुरातत्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ा दी है। कड़े पहरे के बीच कुछ अज्ञात लोग भोजशाला के गर्भगृह तक पहुंचे, वहां मां वाग्देवी की भारी-भरकम अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित की। यही नहीं, बकायदा फूल-अक्षत चढ़ाकर विधि-विधान से पूजा भी संपन्न कर ली।

हैरानी की बात यह है कि इस पूरी वारदात की भनक न तो मेटल डिटेक्टर पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को लगी और न ही परिसर में घूम रहे गाइर्स को। शाम करीब साढ़े 6 बजे जब एएसआई के अधिकारियों को इसका पता चला, तो पूरे महकमे में हड़कंप मच गया।

शनिवार की दोपहर ही एएसआई के अधीक्षक डॉ. शिवाकांत बाजपेई ने भोजशाला पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। उनके जाते ही कुछ घंटों बाद यह वारदात हो गई। परिसर के बाहर पुलिस चौकी है, विशेष सुरक्षा बल तैनात हैं और अंदर जाने के लिए मेटल डिटेक्टर से गुजरना पड़ता है। फिर भी भारी प्रतिमा अंदर कैसे पहुंच गई? पूरा परिसर तीसरी आंख की निगरानी में है, लेकिन किसी भी कैमरे में प्रतिमा ले जाते हुए कोई संदिग्ध क्यों नहीं पकड़ा गया?

## भूटान के पास आया 5.6 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी देश भूटान के पास 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप के चलते असम समेत पूर्वोत्तर भारत के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। फिलहाल किसी तरह से नुकसान की खबर नहीं है। 7 जून 2026 की रात करीब 11.06 बजे भूटान के पास भूकंप आया। जिस जगह भूकंप आया, वह भारत के राज्य असम के कई इलाकों से महज 252 किलोमीटर की दूरी पर है, जिसके चलते असम में भी झटके महसूस किए गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूकंप का केंद्र भूटान का पनुखा इलाके था। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर नीचे है। पश्चिम बंगाल के भी कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो-साइंस के अनुसार, भूकंप के झटके भूटान, भारत के साथ ही चीन, बांग्लादेश और नेपाल में भी महसूस किए गए।

● उज्जैन के ग्राम टंकारिया पंथ में सम्पन्न हुई 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

# भागवत कथा श्रवण से मिटते हैं दु:ख-दर्द, संसार का होता है कल्याण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● जहां-जहां कृष्ण लीलाएं हुईं, वहां-वहां भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बना रही सरकार

● उज्जैन जिले के नारायणा और धार जिले के अंका-झंका में बनाएंगे तीर्थ

● मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कथा समापन समारोह को वीसी से किया संबोधित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीमद्भागवत कथा का पुण्य-प्रताप ऐसा है कि इसे सुनने मात्र से ही मनुष्य के दु:ख-दर्द दूर हो जाते हैं। भागवत कथा श्रवण से कष्टों का शमन होता है और पूरे संसार का कल्याण होता है। इस कथा का श्रवण मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में ऐसे धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व है। ये समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं और सबके जीवन में सद्भाव एवं आत्मिक शांति का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को धर्म के मर्म एवं नैतिकता का भान कराती है। यह मनुष्य को उसके कर्तव्यों और मानव सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला दिव्य ज्ञानामृत है। भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में भागवत गीता कथा एक पवित्र माध्यम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन जिले के ग्राम टंकारिया पंथ में एक से सात जून तक हुई श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कथा समापन समारोह में सहभागिता की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में नाना प्रकार के कष्ट थे, परंतु उन्होंने अपने कष्टों से इतर कुशासन (कंस) का अंत किया। वे सदैव धर्म मार्ग पर बने रहे। उन्होंने समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं से कहा कि वे गीता के संदेश को अपने जीवन में भी अपनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण ने लीलाएं कीं, वहां-वहां हमारी सरकार भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि उज्जैन जिले के नारायणा गांव और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ बनाया जायेगा। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्राम टंकारिया पंथ से लेपड़ तक एवं इसी गांव से रानापुर फाटक तक पक्की सड़क बनाई जायेगी। यहां धर्मशाला में शेड निर्माण के लिए भी राशि और गौशाला निर्माण के लिए अनुदान दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली राखी में भी हमारी सरकार लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में राशि भेजेगी, बुजुर्गों से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों को हमारी सरकार तीर्थ यात्रा करायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कथा आयोजन को समाज में आध्यात्मिक जागृति और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। सात दिवसीय भागवत् कथा के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों, संतजनों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों को सुदृढ़ करने में मददगार होते हैं।

इस अवसर पर प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत कथावाचक श्री राकेश शर्मा 'शास्त्री', श्री मनोहर चौधरी, श्री लीलाधर पटेल, श्री जगदीश पटेल, श्री सुदामा पटेल, श्री सोहन पटेल, श्री कान्हा पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

घरेलू सिलेंडर ₹29 महंगा

# भोपाल में ₹947, इंदौर में ₹970; जबलपुर में ₹919 में मिलेगा

● ग्वालियर-उज्जैन में 1000 पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में भी घरेलू LPG सिलेंडर 29 रुपए महंगा हो गया है। नई दरें आज रविवार (7 जून) से लागू हो गई है। भोपाल में अब 14.2 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत 918.50 से बढ़कर 947.50 हो जाएगी।**

5 बड़े शहरों में ग्वालियर में कीमत 1 हजार रुपए पार हो गई है। ग्वालियर में 1025 और उज्जैन में 1001 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। इंदौर में अब रेट 970 रुपए, जबलपुर में 919 रुपए हो गए हैं।

करीब तीन महीने में दूसरी बार घरेलू गैस महंगी हुई है। इससे पहले 7 मार्च को LPG सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 110 रुपए महंगा हो गया है। जानकारी के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं।सूत्रों के हवाले से



बताया कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 703 का नुकसान हो रहा था। दाम बढ़ने से बावजूद सिर्फ आंशिक भरपाई होगी।2026 से पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू LPG सिलेंडर के दामों में 50 का इजाफा किया था। 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 तक बढ़ाए गए थे।5 किलोग्राम वाले LPG सिलेंडर की कीमतों में भी 11 का इजाफा किया गया था, जिससे इसकी कीमत 821.50 हो गई। पिछले कुछ हफ्तों में पेट्रोल, डीजल और CNG के दाम भी बढ़े हैं। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कुल मिलाकर 7.50 प्रति लीटर बढ़ चुकी हैं, जबकि CNG करीब 6 प्रति किलो महंगी हुई है। कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 11 प्रति लीटर और डीजल पर 33.6 प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद कंपनियों का दावा है कि पेट्रोल-डीजल अभी भी लागत से कम कीमत पर बेचे जा रहे हैं। सरकार का कहना है कि वैश्विक कीमतों में हुई पूरी बढ़ोतरी का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया है। कच्चे तेल के महंगे होने का कुछ बोझ सरकारी तेल कंपनियां खुद उठा रही हैं।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने की समीक्षा

# 9 जून से इंदौर में जुटेंगे ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि

## ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 9 से 13 जून तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स देशों के महत्वपूर्ण कृषि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने रेसीडेंसी परिसर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में मंडी बोर्ड के एमडी कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, आईडीए कमिश्नर डॉ. परीक्षित झाड़े, किसान कल्याण विभाग के उप सचिव रोहित सिसोनिया सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।**



कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्मेलन में भाग लेने वाले राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इंदौर और मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा से जुड़ा है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी न रहने दें।

बैठक में आयोजन स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आवास एवं अतिथियों के स्वागत-सत्कार की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी व्यवस्थाओं का समयबद्ध परीक्षण करने और निर्धारित जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने बताया कि 9 जून से शुरू होने वाला यह सम्मेलन कृषि और उससे जुड़े विभिन्न विषयों पर केंद्रित रहेगा। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि कृषि नवाचार, खाद्य सुरक्षा, कृषि अनुसंधान, सतत कृषि विकास, आधुनिक तकनीक और किसानों की आय बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ परिचर्चाएं, विभिन्न देशों की प्रस्तुतियां और अनुभव साझा करने के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन से इंदौर को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में सहयोग और नवाचार के नए अवसर भी विकसित होने की उम्मीद है।

## 7 से 13 जून तक चलेगी प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है।**

जारी सूची के अनुसार स्नातक स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं। द्वितीय चरण में महाविद्यालय आवंटित विद्यार्थियों को 7 से 13 जून 2026 के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित सीट निरस्त हो जाएगी। विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही आवंटन संबंधी जानकारी के लिए ई-प्रवेश पोर्टल पर नियमित रूप से देखते रहें।

## इंदौर में पोहा दिवस के साथ दिया फिटनेस का संदेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता और स्वाद की राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर में एक बार फिर अनोखा उत्साह देखने को मिला। यहां के ऐतिहासिक स्थल राजवाड़ा पर विश्व साइकिल दिवस और इंदौर पोहा दिवस का एक साथ भव्य आयोजन किया गया। इस दोहरे जश्न में शहर के युवाओं, स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया।**

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह राजवाड़ा से हुई, जहां सैकड़ों की तादाद में साइकिल सवार इकट्ठा हुए। हाथों में तख्तियां और चेहरों पर उत्साह लिए युवाओं ने शहर की सड़कों पर साइकिल चलाई। इस दौरान युवाओं ने फिट इंदौर का संदेश दिया। इस खास मौके पर क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने न सिर्फ युवाओं का उत्साह बढ़ाया, बल्कि खुद भी साइकिल चलाई और शहरवासियों को सेहतमंद रहने व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साइकिल चलाने के बाद सभी प्रतिभागियों और बच्चों के लिए इंदौर के पसंदीदा नाश्ते यानी पोहे का इंतजाम किया गया था। कई स्थानीय समाजसेवी संस्थाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थाओं के सदस्यों ने खुद अपने हाथों से गरमा-गरम पोहे बनाकर बच्चों और छात्रों को परोसे। राजवाड़ा के सामने एक साथ सैकड़ों लोगों ने इंदौरी पोहे का स्वाद लिया। यह आयोजन न केवल पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि इसने इंदौर की सामुदायिक संस्कृति को भी फिर से जीवंत कर दिया।

मोहर्रम पर्व के मद्देनजर किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण

# मोहर्रम जुलूस एवं ताजियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा ने गौतमपुरा क्षेत्र में मोहर्रम जुलूस मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुभागीय अधिकारी पुलिस संग्रीय सम्राट, उप पुलिस अधीक्षक नितिन सिंह, रक्षित निरीक्षक योगेंद्र सिंह भाटी, थाना प्रभारी गौतमपुरा श्रीमती अल्का मीना सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक वर्मा ने जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, संवेदनशील स्थलों, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे मार्ग में कोई अवरोध उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने शांति समिति की बैठकें पूर्व से आयोजित करने, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं समिति सदस्यों के साथ सतत संवाद बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी ताजिया समितियों एवं ताजिया रखने वाले व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया। उन्होंने थाना प्रभारी गौतमपुरा को जनसहयोग से स्थापित लगभग 50 सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र चालू कराने तथा मोहर्रम जुलूस एवं ताजियों के निर्धारित मार्गों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के उपरांत वर्मा ने थाना गौतमपुरा का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों, जन शिकायतों के निराकरण, लंबित प्रकरणों की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण तथा थाने की समग्र कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों का नियमित रूप से गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण श्री वर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी आमजन की समस्याएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण राजेंद्र कुमार वर्मा ने थाना चंद्रावतीगंज का भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन से संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम में अनुभागीय अधिकारी पुलिस धवेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक नितिन सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक योगेंद्र भाटी, थाना प्रभारी चंद्रावतीगंज विनय आर्य सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चंद्रावतीगंज एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 200 महिला एवं पुरुष नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वर्मा ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए राहगीरी योजना, राहत योजना, हिट एंड रन योजना, महिला सुरक्षा, नाबालिगों से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा कानून व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग आमजन की सुरक्षा, सहायता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है तथा इसमें नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगामी त्योहारों, सार्वजनिक आयोजनों, हाट-बाजारों एवं यातायात व्यवस्था के दौरान पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने थाना चंद्रावतीगंज की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए थाना भवन की सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं पुलिस स्टाफ के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। नागरिकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने संबंधी सुझाव भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने क्षेत्र के बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं आवासीय कॉलोनियों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए जनसहयोग का आह्वान किया।

# बीजेपी नेता की बिल्डिंग पर फिर पथराव

## डॉग घुमाने के विवाद के बाद पार्टी के दो गुट आमने-सामने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। उषा नगर इलाके में रविवार सुबह बीजेपी नेता वीरेंद्र शेडगे की बिल्डिंग पर कुछ अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया। इस दौरान उनके ऑफिस का कांच टूट गया। वहीं, शाम को भी एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वीरेंद्र शेडगे के घर फिर पथराव किया जा रहा है। विवाद रात में डॉग घुमाने को लेकर शुरू हुआ था। दूसरा पक्ष भी बीजेपी समर्थक बताया जा रहा है, जो पार्टी के दूसरे गुट से जुड़ा हुआ है।**



मामला विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 का है। यहां बीजेपी नेता और मालिनी गौड़ के विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी वीरेंद्र शेडगे रहते हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात बिल्डिंग के बाहर गंदगी करने को लेकर डॉग मालिक और वीरेंद्र शेडगे के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई। वहीं, मालिनी गौड़ के रिश्तेदार लोकेंद्र राठौर के घर पर भी अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर फेंककर कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष थाने पहुंचे। मामले की जानकारी लगने पर विधानसभा-4 से जुड़े नेता एकलव्य सिंह गौड़ भी थाने पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष एक ही पार्टी से जुड़े हैं, इसलिए मामले को ज्यादा तूल देना ठीक नहीं है।

इसके बाद वीरेंद्र शेडगे को वापस घर भेज दिया गया। हालांकि दूसरे पक्ष ने थाने में आवेदन दे दिया। इधर, रविवार सुबह कुछ नकाबपोश युवक वीरेंद्र शेडगे की बिल्डिंग पर पहुंचे और पथराव कर दिया। घटना में ऑफिस का कांच टूट गया। वहीं, रात की शिकायत को लेकर भी कुछ लोग थाने पहुंचे और शेडगे के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूत्रों के मुताबिक दूसरा पक्ष भी इलाके के बीजेपी नेताओं से जुड़ा हुआ है। मामले को लेकर सुबह से सोशल मिडिया पर भी माहौल गरमाया हुआ है। इसे क्षेत्रीय राजनीति और गुटबाजी से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई और एफआईआर पर फैसला लिया जाएगा।

# मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी

## ● दुकान का ताला तोड़कर 50 मोबाइल और 41 हजार रुपए कैश ले गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर में एक मोबाइल व्यापारी की दुकान में शनिवार-रविवार की रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से करीब 50 मोबाइल, एसेसरीज और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।**

विजयनगर पुलिस ने अभिषेक तिवारी निवासी गोल्डन फार्म, निरंजनपुर की शिकायत पर चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अभिषेक ने बताया कि शेखर टावर में उनकी मोबाइल जोन नाम से दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर गए थे। रविवार सुबह जब वह वापस आए तो देखा कि शटर के ताले टूटे पड़े थे। दुकान के अंदर से करीब 50 मोबाइल फोन, पावर बैंक सहित कई एसेसरीज और लगभग 41 हजार रुपए कैश गायब थे। इसके बाद अभिषेक तिवारी थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# बीस जून से पहले मानसून के आने की उम्मीद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है और पिछले चौबीस घंटों के दौरान तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तपिश बढ़ने के साथ ही शहरवासी उमस के दौर से परेशान हैं। रविवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ रहा और तेज धूप खिली रही। दोपहर में लोग उमस और गर्मी से परेशान दिखे। जून के इस पहले सप्ताह में चार दिन दोपहर का तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा चुका है।**

इससे पहले चार जून को रात का पारा गिरकर 19 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था, जिसने ठंडक का अहसास कराया था। इसी बीच देश के मौसम विभाग से राहत की खबर आ रही है। केरल के रास्ते देश में प्रवेश करने वाले दक्षिण पश्चिमी मानसून ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार तक यह तेजी से आगे बढ़ते हुए कर्नाटक और तमिलनाडु को पार कर गोवा की सीमा तक पहुंच चुका है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून जल्द ही महाराष्ट्र में दस्तक देगा। इस बदली हुई परिस्थिति के कारण मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री बीस जून से पहले होने की प्रबल संभावना बन गई है। आमतौर पर प्रदेश में मानसून के आगमन की सामान्य तारीख 15 जून मानी जाती है और यह राज्य के दक्षिणी हिस्से से प्रवेश करता है। पिछले साल यानी साल 2025 में मानसून अपने तय समय से महज एक दिन की देरी से यानी 16 जून को आया था और इसकी विदाई 15 अक्टूबर तक हुई थी। सामान्य नियम के मुताबिक केरल में मानसून आने के ठीक 15 दिन बाद यह मध्य प्रदेश पहुंच जाता है। इस बार केरल में चार जून को मानसून ने दस्तक दी है, जिसके चलते मध्य प्रदेश में भी इसके 20 जून से पहले आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पान दुकान में चोरी के आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ थाना क्षेत्र में खंडवा नाका स्थित एक पान दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 6 जून की सुबह खंडवा नाका स्थित कर्णावत पान दुकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। बदमाश दुकान का टीन शेड तोड़कर अंदर घुसे और विभिन्न ब्रांड की महंगी सिगरेट, गुटखा पाउच, लाइटर सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए थे। सुबह दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों ने दुकान का सामान बिखरा देखा और इसकी जानकारी संचालक को दी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई।

# निगम की टीम खूंखार कुत्ते की तलाश में लगी रही लेकिन वह नहीं मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अरबिंदो अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों में 40 से अधिक लोगों को काटने के मामले में नगर निगम की टीम दिनभर हमलावर खूंखार कुत्ते की तलाश में लगी रही लेकिन वह नहीं मिला। टीम ने 25 से ज्यादा कुत्तों को परिसर से ही पकड़ा है।

नगर निगम के जू प्रभारी डॉ. उत्तम यादव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद शहर में सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 350 से अधिक कुत्तों को पकड़कर विभिन्न शेल्टर होम भेजा जा चुका है। अरबिंदो अस्पताल की घटना के बाद विशेष अभियान चलाकर 25 से ज्यादा कुत्तों को पकड़ा गया है। हालांकि मुख्य आरोपी कुत्ता अब भी पकड़ से बाहर है। दरअसल इतनी बड़ी घटना नहीं होती अगर फरवरी में हुआ डॉग विवाद को डॉग लवर्स द्वारा समझदारी से लिया जाता। खास बात यह कि इस विवाद में भविष्य में डॉग बाइट की बड़ी घटना की चेतावनी देने वाले डॉक्टर नीरज सेन को तब अंडर वर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम के नाम से धमकी तक मिली थी। दाऊद के नाम से मिली धमकी का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि चार महीने पहले ही उन्होंने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर चेतावनी दी थी, लेकिन उस समय उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया।

# बदमाशों ने कॉलोनियों में मचाया उत्पात

## ● कारों के कांच फोड़े, बाइक गिराईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज और सदर बाजार थाना क्षेत्र की कॉलोनियों में शनिवार देर रात बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। दो पहिया वाहनों पर आए बदमाशों ने एक के बाद एक तीन से अधिक कारों के कांच फोड़ दिए। इसके अलावा सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों को भी गिरा दिया। घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

पुलिस के मुताबिक घटना अर्जुन पल्टन, राधा कॉलोनी और नीलकंठ कॉलोनी की है। देर रात करीब तीन बजे बदमाश दो वाहनों से पहुंचे और कॉलोनियों में खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर अनाज व्यापारी श्याम अग्रवाल जाग गए। उन्होंने तत्काल




डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बदमाश दूसरी गली की ओर भाग निकले। भागने से पहले उन्होंने तीन कारों के कांच भी फोड़ दिए। पुलिस ने पीछा कर एक संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी फिलहाल सदर बाजार पुलिस की हिरासत में है। उससे उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पीड़ित अनाज व्यापारी श्याम अग्रवाल ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह अपने साथियों के साथ रात करीब साढ़े तीन बजे मल्हारगंज थाने शिकायत करने पहुंचे थे, लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने शिकायत सुनने से इनकार कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी ने रविवार सुबह 10 बजे आने की बात कही। रहवासियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि रात में त्वरित शिकायतों पर सुनवाई नहीं होगी तो अपराधों पर नियंत्रण कैसे होगा। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# सहकारिता समाज के सामूहिक उत्थान का बड़ा माध्यम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सहकारिता क्षेत्र प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी सरकार इसे और अधिक सशक्त बनाकर किसानों, ग्रामीणों तथा छोटे उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनायेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता एक व्यवस्था ही नहीं, यह समाज के सामूहिक उत्थान का प्राचीन और बड़ा माध्यम है। हम इसे आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ जोड़कर नई ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि हम सहकारी मॉडल का समयबद्ध, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे आमजन को इसका वास्तविक और अधिकतम लाभ मिल सके।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं की कार्यप्रणाली को सरल और प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे किसानों को ऋण, बीज, उर्वरक और विपणन जैसी सुविधाएं सहजता से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सहकारिता क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। नई योजनाओं के जरिए युवाओं और किसानों को जोड़कर सहकारिता को जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की सहकारी संस्थाओं की दैनंदिन कार्यप्रणाली को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर इन्हें अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा रहा है। सहकारी समितियों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने के साथ ही इनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारी संस्थाओं का विस्तार किया जा रहा है। विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से नवाचार, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता दी जा रही है। हमारी सरकार सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सहकारिता विभाग के सहयोग से हम किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जनजातीय अंचलों के विकास सहित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को भी गति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सहकारिता को नई दिशा देने के लिए हमारी सरकार केंद्र सरकार से लगातार समन्वय कर रही है। हमने प्रदेश के 4 हजार 536 से अधिक पैक्स का सफलतापूर्वक कंप्यूटराइजेशन पूरा करा लिया है। इन सभी पैक्स की जानकारी केन्द्र सरकार की अपेक्षानुसार एनसीडी पोर्टल पर अद्यतन भी कर दी गई है। दूध (श्वेत) क्रांति 2.0 को प्रभावी एवं सफल बनाने तथा वित्तीय समावेशन के लिए दुग्ध समितियों एवं सदस्यों के खाते जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में खोले गये हैं।

## चलती स्कूटी पर जेब में ब्लास्ट हुआ रेडमी का मोबाइल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** प्रदेश के पन्ना जिले में चलती स्कूटी पर सवार युवक की जेब में रखा मोबाइल फोन अचानक ब्लास्ट हो गया। मोबाइल की बैटरी फटते ही युवक के कपड़ों में आग लग गई। युवक का पैर झुलस गया है। चमड़ी छिल गई। युवक ने कूदकर अपनी जान बचाई। रानी बाग निवासी 25 वर्षीय मुकेश वर्मा ने बताया कि रविवार शाम करीब 6:30 बजे वह बाजार से स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह जिला अस्पताल के सामने पहुंचे, उनकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल अचानक गर्म होने लगा। कुछ समझ पाते, उससे पहले मोबाइल में जोरदार विस्फोट हो गया। प्रत्यक्षदर्शी राकेश शर्मा ने बताया कि आग लगते ही मुकेश ने घबराने के बजाय तुरंत चलती स्कूटी से सड़क पर छलांग लगा दी। इसके बाद उन्होंने बिना देर किए अपनी जेब से जलते हुए मोबाइल को निकालकर सड़क पर फेंक दिया। उनकी इस सूझबूझ ने हादसे को और गंभीर होने से बचा लिया।

## डकैत को दोस्त बताने वाले भाजपा विधायक प्रीतम लोधी बैकफुट पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी। चंबल के कुख्यात डकैत रहे रामबाबू गड़रिया को अपना दोस्त और सुख-दुख का साथी बताने वाले भाजपा के पिछोर विधायक ने विवाद के बाद यू टर्न लिया है। उन्होंने कहा कि, उनकी मंशा किसी को ठेस पहुंचाने की नहीं थी। यदि उनके शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है तो उन्हें इसका खेद है।**



दरअसल, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक प्रीतम लोधी ने रामबाबू गड़रिया को अपना मित्र बताते हुए उसकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए थे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा था कि रामबाबू परिस्थितियों का शिकार था और समाज के कुछ लोगों की प्रताड़ना के कारण वह डकैत बनने को मजबूर हुआ। लोधी ने रामबाबू के साथ जेल और जंगल में हुई मुलाकातों का भी जिक्र किया था। विधायक के इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया था। विपक्षी दलों ने इसे कानून-व्यवस्था की अवहेलना और डकैतों से लड़ते हुए शहीद हुए पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों के बलिदान का अपमान बताया था। मामले ने तूल पकड़ा तो विधायक को सफाई देनी पड़ी। विधायक के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई थी। विपक्ष ने इसे कानून-व्यवस्था का मजाक और डकैतों के खिलाफ लड़ते हुए शहीद हुए जवानों के बलिदान का अपमान बताया था। मामले ने तूल पकड़ा तो अब प्रीतम लोधी ने सफाई देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं था। प्रीतम लोधी इससे पहले भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। हाल ही में उन्होंने करैरा के एसडीओपी को लेकर की गई टिप्पणी के कारण भी विवाद खड़ा कर दिया था।

## नाबालिग को मां बनने की हाईकोर्ट ने दी अनुमति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** 16 वर्षीय रेप पीड़िता, जिसके गर्भ में 24 सप्ताह का बच्चा पल रहा है, उसे बच्चे को जन्म देने की इजाजत मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने दी है। मामला प्रदेश के खरगोन जिले का है, जहां एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ था। पुलिस के समक्ष पीड़िता द्वारा गर्भपात कराने से इनकार किए जाने के बाद हाईकोर्ट ने बच्चे को जन्म देने की अनुमति देते हुए राज्य सरकार को नवजात के पालन-पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि बच्चे के 16 वर्ष की आयु तक सभी आवश्यक खर्च सरकार वहन करेगी। शनिवार को मामले की सुनवाई जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी की वेकेशन बेंच ने की। खरगोन जिले के बालकवाड़ा थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। रेप पीड़िता नाबालिग किशोरी गर्भवती हो गई थी। चूंकि गर्भावस्था 24 सप्ताह से अधिक हो चुकी थी और पीड़िता नाबालिग थी, इसलिए मंडलेश्वर स्थित पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने उचित आदेश के लिए मामला हाईकोर्ट को भेजा था। इस पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने इसे याचिका के रूप में दर्ज कर सुनवाई की। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान बालकवाड़ा थाना के सब-इंस्पेक्टर मिथुन चौबे की उपस्थिति में पीड़िता और उसके माता-पिता अदालत में उपस्थित हुए। पहचान की पुष्टि के बाद पीड़िता और उसके परिवार ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे गर्भपात नहीं कराना चाहते। पीड़िता ने अदालत को यह भी बताया कि वह बच्चे को जन्म देना चाहती है। उसके माता-पिता ने भी इस निर्णय का समर्थन किया। राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता डी.आर. विश्वकर्मा ने पक्ष रखा।

## वाल्मीकि समाज ने मृत्यु भोज पर लगाई रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन शहर के सांची रोड स्थित एक निजी होटल में रविवार शाम वाल्मीकि समाज मोहाल साढ़े बारह गांव पंचायत की संभागीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समाजजनों ने सर्वसम्मति से मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा को तत्काल प्रभाव से बंद करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य रामविलास सरसवाल ने की। इस दौरान सुनील वाल्मीकि, नरेंद्र चौहान और हरिप्रकाश ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से मृत्यु भोज जैसी परंपराओं को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्णय पर जोर दिया।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले- AI के बाद हिंदू इंटेलिजेंस की जरूरत

**खजुराहो, एजेंसी।** खजुराहो के बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने राजकोट में पत्रकारों से बात की। रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बाद हिंदुत्व इंटेलिजेंस (HI) की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से नशा छोड़कर कथा से जुड़ने का भी आह्वान किया।



शास्त्री ने 'हिंदुत्व इंटेलिजेंस' में अमीर हिंदुओं को गरीब हिंदुओं का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को अधिक काम दिया जाए, ताकि कोई बेरोजगार न रहे। उन्होंने बड़े और फैक्ट्री मालिक हिंदुओं से गरीब हिंदुओं को रोजगार देने की प्रेरणा देने का आग्रह किया। शास्त्री ने जातियों से ऊपर उठकर हिंदू एकता के संकल्प को पूरा करने और देश में अनेकता में एकता की संप्रभुता फैलाने का भी आह्वान किया। धीरेंद्र शास्त्री ने गुजरात और पूरे भारत में बढ़ते नशे को देश के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने युवाओं से कहा, 'नशा एडिक्ट होने से बेहतर है, कथा एडिक्ट हुआ जाए।' पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों गुजरात के राजकोट में तीन दिवसीय कथा कर रहे हैं। यह कथा 5 से 7 जून तक रेस कोर्स ग्राउंड, राजकोट में आयोजित की जा रही है।

## तीन मंजिला इमारत में आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के लालघाटी इलाके में बनी तीनमंजिला इमारत में शनिवार-रविवार की देर रात आग लग गई। इसका पता सुबह उस वक्त चला, जब पड़ोस में बनी बिल्डिंग के गार्ड ने धुआं उठता देखा। एलर कॉम्प्लेक्स नाम की इस बिल्डिंग में 6 रेस्टोरेंट हैं। आग भोज इन रेस्टोरेंट में लगी। इमारत के बेसमेंट में बापू की कुटिया और ग्राउंड फ्लोर पर डोमिनोज का आउटलेट समेत कई छोटी दुकानें भी हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों से तीन वाटर टैंकर समेत फायर ब्रिगेड की 8 दमकलें मौके पर पहुंचीं। दीवार तोड़कर दमकलकर्मी अंदर घुसे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लपटों पर काबू पाया जा सका।

## 'ज्ञानमेव शक्ति' की चेतना ही मनुष्य को नर से नारायण बनने का मार्ग करती है प्रशस्त

### बौद्ध सर्किट विकास से विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरेगा मध्यप्रदेश : मंत्री श्री परमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कहा है कि भारतीय परम्परा में ज्ञान का सर्वोच्च स्थान रहा है। भारत का सनातन दर्शन केवल ज्ञान अर्जन का नहीं, बल्कि ज्ञान को साधना बनाकर आत्मोन्नति का मार्ग प्रशस्त करने का दर्शन है। "ज्ञानमेव शक्ति" की चेतना से प्रेरित होकर "नर से नारायण" बनने का यह सतत उपक्रम ही भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत महानता का आधार रहा है।



मंत्री श्री परमार रविवार को भोपाल स्थित रविन्द्र भवन के गौरांजनी सभागार में आयोजित "मध्यप्रदेश : वैश्विक बौद्ध धरोहर केंद्र (Madhya Pradesh as a Global Buddhist Heritage Hub)" विषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश को वैश्विक बौद्ध धरोहर केंद्र के रूप में स्थापित करने हेतु आवश्यक प्रयासों एवं पहलों पर अपने विचार व्यक्त किए। श्री परमार ने कहा कि भारत का मूल दर्शन "वसुधैव कुटुम्बकम्" का रहा है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का भाव निहित है। इसी सनातन विचारधारा को भगवान गौतम बुद्ध ने वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया। श्री परमार ने कहा कि भगवान बुद्ध से जुड़े तीर्थस्थलों को आस्था एवं पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किए जाने से भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक वैभव विश्वमंच पर और अधिक सशक्त रूप से स्थापित होगा। श्री परमार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन से प्राप्त निष्कर्ष स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पुनः विश्वगुरु और विश्वमंच का मुकुटमणि बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संपादकीय

# अंतरराष्ट्रीय उछाल के बावजूद नियंत्रण में एलपीजी के दाम


भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने घरेलू रसोई गैस की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया है। पार्टी का कहना है कि भारत में आज भी लोगों को दुनिया के कई देशों के मुकाबले सस्ती रसोई गैस उपलब्ध कराई जा रही है। दरअसल, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद विपक्ष ने सरकार की आलोचना की है, जिस पर बीजेपी ने यह प्रतिक्रिया दी। यह पिछले तीन महीनों में दूसरी बार कीमतों में वृद्धि है, जबकि सरकारी तेल विपणन कंपनियां बढ़ी हुई वैश्विक ऊर्जा लागत के दबाव का सामना कर रही हैं। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद सरकार ने रसोई गैस को बेहद सस्ता बनाए रखा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हर बार जब एलपीजी की कीमतों में थोड़ा बदलाव होता है, विपक्ष शोर मचाता है। वे यह नजरअंदाज करते हैं कि भारतीय घरों को अभी भी दुनिया में सबसे कम कीमतों पर रसोई गैस मिल रही है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को 14.2 किलो सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपए में मिलता है, जबकि सामान्य उपभोक्ता 942 रुपए देता है, जो बाजार से जुड़ी वास्तविक लागत से लगभग 700 रुपए कम है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी आपूर्ति लागत अब 1600 रुपए से अधिक हो गई है। मालवीय ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत में एलपीजी पड़ोसी देशों की तुलना में सस्ती है। पाकिस्तान (1046 रुपए), नेपाल (1207 रुपए), बांग्लादेश (1225 रुपए), श्रीलंका (1241 रुपए), और विकसित देशों जैसे अमेरिका (1755 रुपए), ऑस्ट्रेलिया (1765 रुपए) और कनाडा (2411 रुपए) की तुलना में भी कम है। उन्होंने कहा कि वैश्विक एलपीजी कीमतें फरवरी के बाद लगभग 46 प्रतिशत बढ़ी हैं, जिसका कारण पश्चिम एशिया में व्यवधान और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जुड़ी समस्याएं हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि 'अंडर-रिकवरी' लगभग 60,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों और केंद्र सरकार ने इस बोझ को उपभोक्ताओं पर डालने के बजाय खुद वहन किया है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर 300 रुपए सीधे बैंक खाते में मिलते हैं, जिससे 10.58 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। मालवीय ने यह भी कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत ने एलपीजी आपूर्ति को बाधित नहीं होने दिया, घरेलू उत्पादन बढ़ाया, आयात को विविधीकृत किया और कीमतों को किफायती बनाए रखा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला उपभोक्ता अंतरराष्ट्रीय कीमतों से लगभग 60 प्रतिशत कम और सामान्य उपभोक्ता लगभग 45 प्रतिशत कम कीमत पर एलपीजी प्राप्त कर रहे हैं। भाजपा ने कहा कि असली सवाल यह नहीं है कि मामूली बढ़ोतरी क्यों हुई, बल्कि यह है कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद सरकार रसोई गैस को इतना सस्ता कैसे बनाए रखने में सफल रही है।

## सैर सपाटा

# आम के दीवानों को जरूर घूमने चाहिए भारत की ये 5 जगहें

### जहां हर बाग में मिलते हैं मीठे और रसीले आम





आम खाने के शौकीनों को गर्मियों का इंतजार बेसब्री से रहता है। आम सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं से जुड़ा स्वाद बन चुका है। भारत में आम की कई किस्में पाई जाती हैं और हर साल गर्मियों में लोग इसका स्वाद लेने के लिए अलग-अलग जगहों पर पहुंचते हैं। वैसे तो बाजारों में हर तरह के आम आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन अब लोगों के बीच पेड़ से सीधे तोड़कर आम खाने का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि गर्मियों की छुट्टियों में कई लोग ऐसे गांवों और इलाकों की तलाश करते हैं, जहां दूर-दूर तक आम के बाग नजर आते हों। अगर आप भी आम के दीवाने हैं, तो भारत के इन 5 गांवों की सैर जरूर करें। यहां पेड़ों पर लटके रसीले आम, ताजी खुशबू और बागों की खूबसूरती लोगों को खूब पसंद आती है। हर साल हजारों टूरिस्ट इन जगहों पर आम का असली स्वाद चखने पहुंचते हैं। तो आइए जानते हैं भारत की उन खास जगहों के बारे में, जो मैंगो लवर्स के लिए किसी जन्नत से कम नहीं हैं।



### ● 1- कोकण तट (महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक)

कोकण तट (Konkan Coast) भारत का फेमस तटीय इलाका है, जो महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक तक फैला हुआ है। यह जगह खास तौर पर अपने स्वादिष्ट अल्फांसो आम के लिए दुनियाभर में मशहूर है। गर्मियों में यहां दूर-दूर तक आम के बाग ही दिखाई देते हैं। पेड़ों पर लटके रसीले हापुस आम लोगों को खूब सुंदर लगते हैं। सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी और देवगढ़ जैसे इलाके कोकण क्षेत्र में आते हैं, इन क्षेत्रों में हर साल बड़ी मात्रा में हापुस आम होते हैं।

### ● 2- आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश राज्य आम उत्पादक में सबसे बड़ा माना जाता है। गर्मियों में यहां पर दूर-दूर तक फैले हुए आम के बाग आपके दिखेंगे। खासतौर पर आंध्र प्रदेश बांगनपल्ली आम के लिए मशहूर है, जिसे उसकी मिठास, खुशबू और मुलायम गूदे की वजह से काफी पसंद किया जाता है। इसके अलावा यहां नीलम, सुवर्णरेखा और तोतापुरी जैसी कई लोकप्रिय किस्मों की भी खेती होती है। इस राज्य के कृष्णा, चित्तूर, कडप्पा और कुरनूल जैसे इलाकों में आम की खेती खूब होती है।

### ● 3- मालदा और मुर्शिदाबाद- पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के मालदा को मैंगो कैपिटल भी कहा जाता है। यहां हिमसागर, फजली, लक्ष्मणभोग और गोपालभोग जैसी आम की कई लोकप्रिय किस्मों की खेती होती है। हिमसागर आम अपने मीठे स्वाद और बिना रेशे वाले गूदे के लिए काफी पसंद किया जाता है। तो वहीं मुर्शिदाबाद में भी बड़ी मात्रा में आमों के बाग देखने को मिल जाएंगे। यहां पर गर्मियों में मैंगो टूरिज्म तेजी से बढ़ता है और बड़ी संख्या में पर्यटक बागों में घूमने, ताजे आम तोड़ने और अलग-अलग किस्मों का स्वाद लेने पहुंचते हैं।

### ● 4- सौराष्ट्र क्षेत्र का जूनागढ़

गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित सांस्कृतिक शहर है जूनागढ़, जहां पर गिर केसर आम की पैदावार खूब होती है। गिर केसर आम अपनी मिठास, गहरे पीले रंग और खुशबू के लिए खास पहचान रखता है। यही से केसर आम पूरे भारत में सप्लाई किया जाता है। अगर आप गर्मियों में यहां जाते हैं, तो केसर आम खाने को खूब मिलेगा।

### ● 5- बेंगलुरु

बेंगलुरु सिर्फ आईटी हब नहीं है बल्कि आमों के लिए भी मशहूर है। मैंगो लवर्स को बेंगलुरु भी घूमने जाना चाहिए। यहां पर आपको तोतापुरी, बादामी और रसभरी जैसे आम की किस्में मिलेंगी। खासतौर पर तोतापरी आम दक्षिण भारत में खूब होता है। इतना ही नहीं यहां पर गर्मियों में कई मैंगो फेस्टिवल और ऑर्गेनिक फार्म टूर होते हैं, जहां लोग ताजे आमों का स्वाद लेने के साथ-साथ बागों में घूमने का मजा भी ले सकते हैं।

## Bihar

# सम्राट चौधरी के मंत्री के काफिले पर शराब माफियाओं ने कराया हमला, गाड़ी के शीशे टूटे, बाल-बाल बचे अरुण शंकर

**मधुबनी, (एजेंसी)** बिहार में अब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्री के काफिले पर बड़ा हमला हुआ है। बिहार सरकार के श्रम मंत्री अरुण शंकर इस हमले में बाल-बाल बचे हैं। मंत्री ने आरोप लगाया है कि यह हमला शराब माफियाओं ने कराया है। मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड के ठाहर गांव में रविवार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर ग्रामीण महिलाओं ने हमला कर दिया। बांस-बल्ले और पत्थरों से किए हमले में मंत्री के वाहन का शीशा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी से मंत्री बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी मनोज कुमार तिवारी,



एसपी योगेंद्र कुमार, और सदर 2 खजौली की एसडीपीओ कामिनी कौशल सहित भारी पुलिस बल कलुआही थाना पहुंचे। बाद में एसपी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, मंत्री ठाहर गांव में भोला राय के पिता के आकस्मिक निधन तथा सड़क हादसे में मृत जुगे ठाकुर के पुत्र कृष्ण कुमार के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधा रहे थे कि तभी हमला किया गया। उधर, मंत्री ने कहा कि शराब माफिया ने उनके काफिले पर हमला कराया है। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के काफिले पर हमला के बाद अफरातफरी मची रही। कलुआही थाने में मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से बातचीत के दौरान हमले के पीछे गहरी साजिश की आशंका जताते हुए सीधे तौर पर कहा कि यह हमला शराब माफिया द्वारा प्रायोजित था।

## Chhattisgarh

# 5 सेकेंड पहले मैच दिखाने वाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर गिरफ्तार



**रायगढ़, (एजेंसी) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में साइबर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क से जुड़े एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर सटोरियों को क्रिकेट सट्टा आईडी उपलब्ध कराता था और टेक्निकल सपोर्ट भी देता था। टीवी से 5 सेकेंड पहले मैच दिखता था। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।**

पुलिस को सूचना मिली थी कि, न्यू शंकरनगर निवासी एक युवक अपने घर से कंप्यूटर और विशेष सॉफ्टवेयर की मदद से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के लिए आईडी तैयार कर बेच रहा है। सूचना के आधार पर साइबर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान आदर्श कुमार केशरी (28) निवासी न्यू शंकरनगर, रायगढ़ के रूप में हुई।

पूछताछ में आदर्श ने बताया कि, वह बीटेक इंजीनियरिंग कर चुका है और वर्तमान में दिल्ली की एक आईटी कंपनी में कार्यरत है। साल 2025 में उसकी मुलाकात रायपुर और बिहार के दो युवकों से हुई थी, जो नोएडा की आईटी कंपनियों में काम करते हैं। इन्हीं के माध्यम से वह ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क से जुड़ा और 'Winbigpro' नामक प्लेटफॉर्म के तकनीकी संचालन और प्रबंधन का काम करने लगा। इसके बदले उसे 20 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

## Rajasthan

# दवा के ओवरडोज से सेना के जवान को हार्टअटैक, मौत

**जोधपुर, (एजेंसी)** दवा के ओवरडोज के कारण आए हार्ट अटैक से शनिवार को ओसियां (जोधपुर) के सेना के जवान जयप्रकाश (30) की मौत हो गई। जयप्रकाश छुट्टियां बिताकर ड्यूटी पर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उनका बेस हॉस्पिटल, दिल्ली कैंट के ICU में इलाज चल रहा था। रविवार दोपहर जवान के पैतृक गांव भादूण की ढाणी, समराऊ में सैन्य सम्मान से उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जयप्रकाश पुत्र रणुराम अरुणाचल प्रदेश में 230 मेड रेजिमेंट में गनर के पद पर तैनात थे। सेना की रिपोर्ट के मुताबिक, मौत की वजह मेडिसिन ओवरडोज के कारण रिफ्रैक्टरी वेसोडाइलेटर शॉक और कार्डियक अरेस्ट है। जानकारी के अनुसार, जयप्रकाश एक साल बाद छुट्टियों पर घर आए थे। वे 21 से 31 मई तक छुट्टियों पर थे। 1 जून को उन्हें यूनिट में रिपोर्ट करना था, लेकिन वे रिपोर्ट नहीं कर पाए। 1 जून को जब सूबेदार रूपेश कुमार झा ने जयप्रकाश से कॉन्टैक्ट किया तो उन्होंने बताया था कि मैं दिल्ली में हूं। मेरी कनेक्टिंग फ्लाइट छूट गई है। 2 जून को शाम 5:30 बजे की फ्लाइट से आऊंगा।

## New Delhi

# महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है।**



IMD के मुताबिक मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40C का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

## खेल

# फ्रेंच ओपन 2026: अलेक्जेंडर ज्वेरेव का सपना पूरा, फ्रेंच ओपन चैंपियन बने, करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब

**पेरिस, (एजेंसी) जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया है। फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुष सिंगल्स फाइनल में दूसरी सीड ज्वेरेव का सामना इटली के फ्लेवियो कोबोली से हुआ। 5 सेट तक चले मुकाबले में 29 साल के ज्वेरेव ने 6-1, 4-6, 6-4, 6-7, 6-1 से अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला 4 घंटे और 16 मिनट तक चला। खिताब जीतने के बाद ज्वेरेव की आंखों में आंसू थे। 24 साल के कोबोली का यह पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल था।**

### ज्वेरेव और कोबोली के बीच कांटे की टक्कर

10वीं सीड फ्लेवियो कोबोली के खिलाफ एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहले सेट को आसानी से 6-1 से जीत लिया। दूसरे सेट में कोबोली ने वापसी करते हुए जीत हासिल की। ज्वेरेव ने तीसरा सेट जीता लेकिन चौथे में कोबोली ने कड़ी टक्कर दी। टाई ब्रेकर को 7-5 से जीतकर इटैलियन खिलाड़ी ने यह सेट अपने नाम किया। आखिरी सेट के पहले ही गेम में ज्वेरेव ने कोबोली का सर्विस ब्रेक कर दिया। 2-0 की बढ़त लेने के बाद उन्होंने दूसरा सर्विस भी ब्रेक किया और कोबोली की उम्मीद पर पानी फेर दिया। अंत में उन्होंने सेट को 6-1 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।




**89 साल बाद कोई जर्मन पुरुष खिलाड़ी चैंपियन बना-** अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले ओपन एरा के पहले जर्मन खिलाड़ी हैं। 89 साल पहले आखिरी बार रोलैंड गैरोस का चैंपियन कोई जर्मन पुरुष खिलाड़ी बना था। तब हेनर हेन्केल ने 1937 में खिताब जीता था। अलेक्जेंडर ज्वेरेव से पहले बोरिस बेकर ग्रैंड स्लैम सिंगल्स का खिताब जीतने वाले आखिरी जर्मन खिलाड़ी थे। उन्होंने 1996 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अभी तक हर बड़े इवेंट में जीत हासिल की थी। उनके नाम मास्टर्स 1000 इवेंट्स के साथ ही दो एटीपी फाइनल्स की ट्रॉफी थी। टोक्यो में ज्वेरेव ने ओलंपिक गोल्ड भी जीता था लेकिन उनके खाते में ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं था। इससे पहले 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताबी मुकाबला वह हार चुके थे।

टॉप-रैंक वाले यानिक सिनर को पहले हफ्ते में गर्मी और इंजरी की वजह से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। फिर 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को भी हार के सामना करना पड़ा। तभी से ज्वेरेव को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज इंजरी की वजह से इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे थे।

## सिनेमा

# नेशनल अवार्ड विजेता मलयालम एक्टर सलीम कुमार की कार्डियक अरेस्ट से मौत



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मलयालम एक्टर सलीम कुमार का 56 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण शनिवार रात निधन हो गया। वह अस्वस्थ होने के बाद कोच्चि (केरलम) के अमृता अस्पताल में भर्ती कराए गए थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने 'आदामिन्टे मकन अबू', 'पुलिवाल कल्याणम', 'अचनुरंगथा वीडु', 'मीसा माधवन' और 'मायावी' जैसी कई मलयालम फिल्मों में काम किया था। पीएम मोदी और केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने सलीम कुमार के निधन पर दुख जताया। वहीं केरलम सरकार ने अंतिम संस्कार और उससे जुड़े सभी खर्च वहन करने का फैसला किया। सलीम कुमार मलयालम सिनेमा के फेमस एक्टर थे। उन्होंने तीन दशक से अधिक लंबे करियर में 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उन्होंने मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में एक्ट किया। साथ ही कुछ तमिल (मरयां) और ओडिया (ऊंगा) फिल्मों में भी नजर आए। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत कॉमिक रोल से की और अपनी कॉमिक टाइमिंग, एक्सप्रेशन और डायलॉग डिलीवरी के लिए जाने गए। बाद में उन्होंने खुद को कैरेक्टर एक्टर के तौर पर स्थापित किया।

## Highlights

1. SEBI mulls common stewardship platform for mutual fund: Report
2. CBI searches six locations in ₹661-cr IDFC First, AU Finance Bank fraud probe
3. Zepto set to file updated DRHP with SEBI next week: Report
4. What is the cost that Indians aren't asked to pay when buying cooking LPG cylinder?
5. Which sector has seen the most AI-related job cuts this year?
6. AI cuts more jobs in 2026 than last 2 years combined, replaces 38,000 jobs in May alone
7. Chinese chip firms gain share as AI memory demand rises: Study

# Foreign investment reforms to ease flux in capital account



**NEW DEIHI, (Agency).** India's package of foreign investment reforms announced on Friday will provide capital account stability, strengthen the rupee, and improve liquidity and price discovery in the G-Sec market, people aware of the matter said on Saturday.

The Union finance ministry announced a series of measures to widen investment options for foreign individuals and portfolio investors in Indian equities and made government bonds more attractive with tax concessions, while the Reserve Bank of India took monetary measures including hedging cost subvention for external commercial borrowings to boost foreign exchange inflows and support the rupee.

The outcome of the coordination between the finance ministry and the RBI, and their nimbleness in responding to a volatile global economic situation, was reflected in the rupee appreciating 56 paise to close at 95.18 against the US dollar on Friday. The impact is expected to sustain, they added.

The finance ministry and the RBI's policy responses have been well coordinated and timely, they said — a coordination also reflected in the GDP numbers announced on Friday. The Indian economy recorded 7.7% GDP growth in 2025-26, cementing its position as the world's fastest-growing major economy. GDP growth in the fourth quarter stood at 7.8%, building on 8.3% in the second quarter and 8.0% in the third.

"In an increasingly uncertain global environment marked by the West Asia conflict, elevated energy prices, and trade disruptions, India has demonstrated remarkable macroeconomic resilience," one of them said.

Retail inflation remained within the RBI's tolerance band. Headline CPI inflation rose to 3.48% in April — the highest in 13 months — from 3.4% in March, but remained below the RBI's 4% target and within the 2-6% tolerance band. Thirty of 36 states and union territories recorded inflation below 4%, indicating broad-based price stability, they said.

India's forex reserves stood at $682 billion as of June, providing import cover of approximately 11 months, they said. Gross FDI reached a historical peak of $94.5 billion in 2025-26, reflecting continued long-term investor confidence, while net FDI turned strongly positive at $7.7 billion against $1 billion the previous year. Services exports surged to $421.3 billion, an annualised growth of 8.7% in FY26, with the net services surplus growing 14.7% to $216.6 billion. Merchandise exports grew an annualised 13.8% to $43.6 billion in April 2026, the highest monthly value since March 2025, they added.

The central objective of the reforms, the person cited in the first instance said, was to address a structural disadvantage that had kept Indian G-Secs less competitive than comparable sovereign instruments in peer emerging markets. The current tax treatment of FII interest and capital gains income reduces the effective post-tax yield on Indian G-Secs relative to those instruments, many of whose markets are already index constituents.

India's government securities market has grown significantly in size and sophistication, but further deepening remains a key policy priority.

कुंवारा बनकर इंस्टाग्राम पर की दोस्ती...

# बात बंद करते ही कॉलेज छात्रा को धमकाने लगा आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा के साथ छेड़छाड़ और परेशान करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक छात्रा की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए सिद्धार्थ पुत्र रामकिशोर पचोरे निवासी स्कीम नंबर-78 से हुई थी। करीब एक सप्ताह बाद दोनों की मुलाकात हुई और बातचीत बढ़ने लगी। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा से शादी करने की बात



कही, जिस पर छात्रा ने हामी भर दी। करीब छह माह पहले छात्रा को पता चला कि सिद्धार्थ पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इस पर छात्रा ने उससे सवाल किया तो आरोपी ने पत्नी को तलाक देने की बात कही। इसके बाद छात्रा ने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि बातचीत बंद होने के बाद आरोपी छात्रा को परेशान करने लगा। वह आत्महत्या की धमकी देकर उसे फंसाने की बात कहता था। साथ ही छात्रा के परिवार वालों को मैसेज भेजकर भी परेशान कर रहा था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रास्ते में रोककर भी परेशान करता था। तीन दिन पहले शाम के समय जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपी ने उसे रोक लिया और अपशब्द कहे। साथ ही धमकी दी कि वह उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। इसके बाद छात्रा शनिवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा की शिकायत पर राजा राठौर निवासी ग्राम माचला के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह स्कूल में पढ़ाई करती है। करीब 10 दिन पहले वह रात में सामान लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे रोक लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। आरोप है कि युवक ने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने की कोशिश की। छात्रा किसी तरह हाथ छुड़ाकर घर पहुंची। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टैटू आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत

## परिवार ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छोटी ग्वालटोली इलाके में रहने वाले एक टैटू आर्टिस्ट की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। **परिवार ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि दोस्त इसे सड़क दुर्घटना बता रहे हैं। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।**



छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम योगेश (34) पुत्र छोटू सिलावट है, जो टैटू आर्टिस्ट था। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे योगेश के पास उसके दोस्त जीवन का फोन आया था। उसने योगेश को मिलने के लिए बुलाया और अपने साथ ले गया। रात करीब 10 बजे जीवन, योगेश के घर पहुंचा और उसके छोटे भाई को सूचना दी कि योगेश घायल हो गया है। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और योगेश को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि योगेश के सिर, हाथ और पैरों पर चोट के निशान थे। दोस्तों ने बताया कि वह गाड़ी से गिर गया था, लेकिन परिवार का कहना है कि उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। योगेश के परिवार में एक बहन, छोटा भाई और पिता हैं। उसके पिता मकान ठेकेदारी का काम करते हैं।

# कचरे के ढेर में मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कॉलोनी के पास कचरे के ढेर में नवजात का शव मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था और उसके आसपास आवारा कुत्ते घूम रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक सुबह एफआरवी को सूचना मिली थी कि झुग्गी बस्ती के पास एक नवजात का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को वहां से हटाकर एमवाय अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव के आसपास कुत्ते घूम रहे थे। टीआई सेंधव के मुताबिक मृत नवजात 6 से 7 माह का प्री-मैच्योर बच्चा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि नवजात को वहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है। कुछ दिन पहले एमवाय अस्पताल के बाथरूम में भी इसी तरह एक नवजात का शव मिला था।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक